डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031

पत्रांक: ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / ई0आर0एन0–35 / 2024 / 2221 **दिनांक:** 22/10/2024

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त सस्थान।

विषय: संस्थानों में सत्र 2024–25 की काउंसलिंग के उपरान्त मैनेजमेन्ट कोटा / रिक्त सीटों (फार्मेसी विधा को छोड़कर) पर ऑनलाइन किये गये प्री–रजिस्ट्रेशन के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के संबंध में विश्वविद्यालय के पत्रांक: ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2024 / 4278, दिनांक: 05.10.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। विश्वविद्यालय के उक्त पत्र के माध्यम से स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्र / छात्रा(ओं) के ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि 15 अक्टूबर, 2024 निर्धारित की गयी थी। सक्षम स्तर द्वारा प्राप्त अनुमोदनोपरान्त उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि को 23 अक्टूबर, 2024 तक विस्तारित किया जाता है। उक्त के अतिरिक्त समर्थ पोर्टल के माध्यम से निम्न संशोधन करने हेतु अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है।

1. संस्थान में नव प्रवेशित छात्र / छात्रा(ओं) द्वारा ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन के समय यदि किसी प्रकार की त्रुटि (नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, ब्रान्च, बोर्ड इत्यादि) में यदि किसी प्रकार की त्रुटि है तो उसमें संशोधन समर्थ पोर्टल की लॉगिन के माध्यम से कर सकते हैं।
2. संस्थान में नव प्रवेशित छात्र / छात्रा(ओं) द्वारा ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन कर दिया गया है, निर्धारित शुल्क भी जमा कर दिया है परन्तु किसी कारणवश अपने रिकार्ड को अपलोड नहीं कर पाये हैं अथवा प्री–रजिस्ट्रेशन के उपरान्त अपना निर्धारित शुल्क जमा नहीं कर पाये हैं, पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से कार्यवाही पूर्ण कर सकते हैं।

अतः आपसे अपेक्षा है कि उक्त से अवगत होते हुए संस्थान में नव प्रवेशित छात्र / छात्रा(ओं) द्वारा ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन के समय यदि किसी प्रकार की त्रुटि की गयी है तो उसे संस्थान के पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से दिनांक–23–10–2024 तक कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 डी0 पी0 सिंह)
उप कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक: तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. उप कुलसचिव (नामांकन एवं सम्बद्धता), ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0,लखनऊ।
6. स्टाफ आफीसर, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(डॉ0 डी0 पी0 सिंह)
उप कुलसचिव